राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(जी–317) अलेसे–I/343 दिनांकः– 02/08/2019

## कार्यालय आदेश

श्री गौकुल प्रसाद वैष्णव, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I (लिंक नं. 2078) का स्थानान्तरण विभागीय आदेश दिनांक 31.03.2019 के द्वारा राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर से जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), नागौर किया गया था, जिसके क्रम में इन्हे दिनाक 08.03.2019 अपराह्न में कार्यमुक्त कर दिया गया था। उपरोक्त आदेश के द्वारा ही श्री वैष्णव के स्थान पर श्री रूधाराम गोदारा का पदस्थापन उक्त महाविद्यालय में किया गया था, जिसके क्रम में श्री गोदारा द्वारा दिनांक 06.03.2019 को कार्यग्रहण कर लिया गया था। श्री वैष्णव द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण से स्थगन आदेश प्राप्त करने के कारण माननीय अधिकरण के आदेश की पालना में इन्हें पुनः दिनांक 23.03.2019 को कार्यग्रहण कराया गया। प्राचार्य, राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर के पत्र क्रमांक 123 दिनांक 14.05.2019 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त महाविद्यालय से श्री रूधाराम का वेतन आहरित कर लेने के कारण श्री गौकुल प्रसाद वैष्णव को दिनांक 23.03.2019 से 13.05.2019 तक के वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है।

अतः श्री गौकुल प्रसाद वैष्णव का दिनांक 23.03.2019 से 13.05.2019 तक के वेतन का भुगतान राजकीय महाविद्यालय, मंगलाना, नागौर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(जी–317) अलेसे–I/343 दिनांकः– 02/08/2019

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. कोषाधिकारी, नागौर।
2. प्राचार्य, राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर।
3. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, मंगलाना, नागौर।
4. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), नागौर।
5. श्री गौकुल प्रसाद वैष्णव, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय–राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर।
6. उपनिदेशक (ए.सी.पी) कार्यालय हाजा को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. रक्षित/निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in. E-Mail Id – aao1.dta@rajasthan.gov.in Fax-2740735, Tel.- 2744134